# तू है कमाल बाबा | By Sanjay Nigam

तू है कमाल बाबा तू है है कमाल
तेरी महिमा कमाल मैया मौरवी का लाल
कब किसको क्या दे दे
कब किस्से क्या लेले
तेरे जलवे हैं बेमिसाल
तू है कमाल बाबा .......

धन्य है तेरी खाटू नगरी दुखियों का है सहारा
हारे का तू साथ निभाए, तू है श्याम हमारा
शरण में आये दीन दुखी को खाली कभी भी मोड़े ना
ये बन जाए जिसका साथी, साथ ये उसका छोड़े ना
तू है कमाल बाबा .......

ओ सांवरिया नीले वाले तेरे खेल निराले
बदल जाये किस्मत की रेखा जिसपे नज़र तू डाले
राजा को तू रंक बनादे रंक को राजा कर देता
पल में भर जाती है झोली नाम जो तेरा है लेता
तू है कमाल बाबा .......

शीश का दानी श्याम धणी तू भक्तों का रखवाला
तू ही सबके दुःख है हरता खुशियां देने वाला
तू ही दाता तू अन्नदाता तू ही देव हमारा है
भव सागर से पार लगाए हारे का सहारा है
तू है कमाल बाबा .......

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%82-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%95%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%b2-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-by-sanjay-nigam/